INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang.	Department: Hindi	Class work
Lesson-8 मिठाईवाला	Topic: Question Bank& Grammar	Note: Pl File in portfolio

अति लघु प्रश्न-

प्रश्न-1 मिठाईवाला पहले क्या था?

उत्तर- मिठाईवाला पहले एक बड़ा व्यापारी था।

प्रश्न-2 'अब इस बार ये पैसे न लूँगा' यह वाक्य किसने किससे कहा था?

उत्तर- यह बात मिठाई वाले ने रोहिणी से कही थी।

प्रश्न-3 खिलौनेवाला मुरली बेचने के लिए नगर में कब आया?

उत्तर- खिलौनेवाला मुरली बेचने के लिए नगर में छह से आठ महीने के बाद आया।

प्रश्न-4 मिठाईवाला किसकी बात सुनकर भावुक हो गया था?

उत्तर- रोहिणी की बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया।

प्रश्न-5 चुन्नू-मुन्नू कौन थे और कहाँ गए थे?

उत्तर- चुन्नू-मुन्नू रोहिणी के बच्चे थे और पार्क में खेलने गए थे।

प्रश्न-6 चुन्नू और मुन्नू के पास कौन सा खिलौना था?

उत्तर: चुन्नू और मुन्नू के पास हाथी घोडा वाला खिलौना था।

लघु प्रश्न

प्रश्न 1. मुरलीवाला कैसा दिखता था?

उत्तर- मुरलीवाला तीस-बत्तीस वर्ष का दुबला-पतला युवक था| उसका रंग गोरा था और वह बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता था।

प्रश्न 2. मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

उत्तर- मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ बहुत स्नेह वाला था। बच्चे जो रंग पसंद करते थे, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल कर दे देता था।

प्रश्न 3. मिठाईवाले के मन की व्यथा क्या थी?

उत्तर- मिठाईवाले के मन की व्यथा थी कि उसकी पत्नी व बच्चे किसी हादसे के शिकार हो गए थे, अब वह जीवन के दिन अकेले ही काट रहा था।

प्रश्न 4. खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

उत्तर- खिलौनेवाले की मधुर आवाज़ सुनकर बच्चे अपना खेल छोड़कर उसे घेर लेते थे। वे अपने-अपने घर से पैसे लाकर तोतली भाषा में खिलौने का मोल-भाव करने लग जाते थे। खिलौने खरीदते ही बच्चे खुशी से उछलने लगते थे।

प्रश्न 5. रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण क्यों हो आया?

उत्तर- मुरलीवाला भी खिलौनेवाले की तरह ही गा-गाकर मुरली बेच रहा था। रोहिणी को उसका स्वर जाना-पहचाना लगा इसलिए उसे खिलौनेवाले का स्मरण हो आया।

दीर्घ प्रश्न-

प्रश्न 1. मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

उत्तर- बच्चे एक ही चीज़ से ऊब न जाएँ इसलिए वह बच्चों के पसंद की अलग-अलग चीज़ें बेचता था। वह महीनों बाद इसलिए आता था ताकि उसकी वस्तुओं में बच्चों की उत्सुकता बनी रहे। वह पैसों के लोभ के लिए नहीं केवल अपने मन की संतुष्टि के लिए बच्चों के मनपसंद की चीज़ें बेचा करता था।

प्रश्न 2. मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खींचे चले आते थे?

उत्तर- मिठाईवाला मधुर ढंग से गाकर अपनी चीजों की विशेषता बताता था और बेचता था। वह बहुत ही विनम्रता तथा प्यार से बोलने वाला व्यक्ति था। पैसे न होने पर भी वह बच्चों को चीजें दे दिया करता था जिसके कारण बच्चे ही नहीं अपितु बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे| इसके अलावा उसके हृदय में बच्चों के लिए स्नेह था। वह हर बार नई-नई चीज़ें लाता था।

प्रश्न 3. इस कहानी में रोहिणी चिक के पीछे से बात करती है। क्या आज भी औरतें चिक के पीछे से बात करती है? आपकी राय में क्या यह सही है?

उत्तर- आज की औरतें चिक के पीछे से बात नहीं करतीं। यदि कुछ औरतें ऐसा करती भी है तो वे अपने पिछड़ेपन का परिचय देती हैं। कभी-कभी ऐसा करने के लिए उन पर घर के सदस्यों का दबाव भी होता है। मेरी राय में यह सही नहीं है। हर औरत को आज के युग के अनुसार खुलकर अपनी बात कहनी चाहिए।

व्याकरण भाग-

प्रश्न-1 दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए|

(1) काला घोड़ा सबसे आगे निकल गया।

(2) मनोहर के घर सफ़ेद गाय है।

(3) वीर पुरुष किसी से नहीं डरता।

(4) बड़ी चट्टान पर्वत से नीचे जा गिरी।

(5) बुरे लोगों से हमेशा दूर रहो।

(6) सीता स्वादिष्ट खाना बनाती है।

(7) उसकी कमीज़ के लिए दो मीटर कपड़ा लगता है।

(8) लोमड़ी बहुत चतुर है।

(9) गमले में कुछ फूल हैं।

(10) पिता जी बिलकुल स्वस्थ हैं।

प्रश्न-2 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

1. अशुद्ध रूप – आज उसने नया पोशाक पहना है।
   शुद्ध रूप – आज उसने नई पोशाक पहनी है।

2. अशुद्ध रूप – तुम बड़ा आगे बढ़ गए।
   शुद्ध रूप – तुम बहुत आगे बढ़ गए।

3. अशुद्ध रूप – मैंने तेरे को कितना समझाया है।
शुद्ध रूप – मैंने तुझे कितना समझाया है।

4. अशुद्ध रूप – मुझे बहुत आनंद आती है।
शुद्ध रूप – मुझे बहुत आनंद आता है।

5. अशुद्ध रूप – इस विषय पर एक भी अच्छी पुस्तकें नहीं है।
शुद्ध रूप – इस विषय पर एक भी अच्छी पुस्तक नहीं है।

6. अशुद्ध रूप – भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे।
शुद्ध रूप – भीड़ में पटना के चार व्यक्ति भी थे।

7. अशुद्ध रूप – हमने यह काम करना है।
शुद्ध रूप – हमें यह काम करना है।

8. अशुद्ध रूप – यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।
शुद्ध रूप – यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।

9. अशुद्ध रूप – एक गिलास पानी का दीजिए।
शुद्ध रूप – एक गिलास पानी दीजिए।

10. अशुद्ध रूप – उसकी आँखों से आँसू बह रहा था।
शुद्ध रूप – उसकी आँखों से आँसू बह रहे थे।

प्रश्न-3 चित्र वर्णन– दिए गए चित्र का वर्णन 30-40 शब्दों में कीजिए|

****